पंजाब केसरी 02/12/2025

# जी.एम.एन. कॉलेज की प्राध्यापिकाओं ने स्कूली विद्यार्थियों को दी राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं करियर की जानकारी



राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं करियर विषय पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करने के लिए जी.एम.एन. कॉलेज की प्राध्यापिकाओं को स्मृतिचिन्ह भेंट करते गवर्नमैंट सीनियर सैकेंडरी स्कूल मेन ब्रांच के प्रधानाचार्य। (चंद्रमोहन)

अम्बाला, 1 दिसम्बर (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कॉलेज की प्राध्यापिकओं ने सोमवार को गवर्नमैंट सीनियर सैकेंडरी स्कूल मेन ब्रांच अम्बाला छावनी में राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं करियर विषय पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। इस जागरूकता व्याख्यान का उद्देश्य विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति, 12वीं के बाद उपलब्ध करियर विकल्पों और निर्णय क्षमता के महत्व से अवगत कराना था।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं को शैक्षणिक ज्ञान के साथ व्यावसायिक कौशल और सही मार्गदर्शन प्रदान करते हैं, जिससे उनमें आत्मविश्वास और लक्ष्य निर्धारण की क्षमता विकसित होती है। व्याख्यान का संचालन अंग्रेजी विभाग की सह-प्राध्यापिका डॉ. कमलेश कुमारी एवं सहायक प्राध्यापिका डॉ. ज्योति सौरोत ने किया। प्राध्यापिकाओं ने विद्यार्थियों को अपनी रुचि, कौशल व उपलब्ध अवसरों के आधार पर करियर चयन की आवश्यकता समझाई तथा उभरते प्रोफैशनल क्षेत्रों और नई शैक्षिक धाराओं पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।

इस अवसर पर अम्बाला छावनी सिविल अस्पताल से डॉ. जोगिंदर सिंह ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। अंत में, विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश गोयल और अध्यापक अजय धीमान ने उपयोगी व्याख्यान के लिए प्राध्यापिकाओं और जी.एम.एन. कॉलेज प्रशासन का आभार व्यक्त किया।